web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 23 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 296

## नीट पेपर लीक मामला : 10 दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए दो सॉलवर समेत तीन आरोपी

पटना । आरएनएस



बिहार की राजधानी पटना से नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को सीबीआई ने 10 दिनों की रिमांड पर ले लिया है। सीबीआई ने एक दिन पहले ही दो सॉल्वर और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई और सेटर शशिकांत पासवान को गिरफ्तार किया था। सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं, जबकि तीसरा शख्स शशिकांत पासवान, पटना का रहने वाला है।

सीबीआई ने तीनों आरोपियों को 10 दिनों की रिमांड पर लिया है। जांच एजेंसी नीट पेपर लीक मामले में उनसे पूछताछ करेगी। सीबीआई को पेपर लीक केस में बड़े सुराग हाथ लगने की उम्मीद है। इससे पहले सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया था। साथ ही रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया गया था। छात्रा इस सॉल्वर गैंग की सदस्य बताई जा रही है।

नीट यूजी पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड राकेश रंजन उर्फ रॉकी है। बताया जा रहा है कि उसका पटना और रांची के कई एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों से संबंध है। बता दें कि नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### संसद में नीट को लेकर हंगामा : शिक्षा मंत्री बोले- पेपर लीक को लेकर कोई सबूत नहीं, राहुल ने कहा-गड़बड़ी हुई है

नई दिल्ली । आरएनएस

मानसून सत्र आज से शुरू हो गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। इस दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और उनके इस्तीफे की मांग की। जबाव में शिक्षा मंत्री ने कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट में है और कोर्ट का जो भी निर्देश होगा हम उसे मानेंगे। कोर्ट ने सभी छात्रों के सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट जारी करने को कहा था, जो पब्लिक डोमेन में है।शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 7 साल में एक भी पेपर लीक का सबूत नहीं हैं। हां कुछ जगहों पर गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कुछ नहीं छिपा रही।

नीट पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि पेपर लीक एक गंभीर मुद्दा है। परीक्षा व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी हुई है। शिक्षा मंत्री समस्या को नहीं समझ पा रहे हैं। पैसा हो तो आप कोई भी सीट ले सकते हैं। राहुल गांधी के बयान पर धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उनसे मुझे सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। मुझे जनता ने चुनकर भेजा है। रिमोट से सरकार चलाने वाले बयान दे रहे हैं। परीक्षा व्यवस्था पर सवाल नहीं होने चाहिए. सिस्टम सुधारने के लिए सुझाव दें। वहीं नीट पेपर लीक के मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाएगी। जांच के बाद लोग जेल भेजे जा रहे हैं।

## कांवड़ रूट पर दुकानदारों को नहीं लिखना होगा दुकान के बाहर अपना नाम, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

नई दिल्ली । आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट आज कावड़ यात्रा-नेमप्लेट विवाद मामले में कावड़ रूट पर दुकानदारों को अपनी पहचान लिखने पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि दुकानदारों को अपना नाम या पहचान बताने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। होटल चलाने वालों को भोजन के प्रकार यानी वह शाकाहारी है या मांसाहारी की जानकारी देनी होगी। उन्हें अपना नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- यह एक प्रेस वक्तव्य था या एक आदेश?

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पहले एक प्रेस बयान आया था, फिर सार्वजनिक आक्रोश हुआ. राज्य सरकार कहती है स्वेच्छा से, लेकिन वे इसे सख्ती से लागू कर रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं किया गया। इसका कोई वैधानिक समर्थन नहीं है। कोई भी कानून पुलिस कमिश्नर को ऐसा करने का अधिकार नहीं देता। निर्देश हर हाथ-गाड़ी, रेड़ी, चाय-स्टॉल के लिए है. कर्मचारियों और मालिकों के नाम बताने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आरएसएस की गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे सरकारी कर्मचारी, केंद्र ने 58 साल पुराना प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। यह जानकारी भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर जारी एक बयान में दी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस आदेश का स्वागत किया है। केंद्र सरकार ने 1966, 1970 और 1980 में तत्कालीन सरकारों द्वारा जारी उन आदेशों में संशोधन किया गया है, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं और उसकी अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाया गया था। आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने सरकारी कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा की।

### संसद से लेकर लाल किले तक हमले करेंगे... ', खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने सांसद को दी धमकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केरल से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्यसभा सांसद वी. शिवदासन ने सिख फॉर जस्टिस से धमकी भरा कॉल आने का दावा किया है। उन्होंने इस मामले को लेकर राज्यसभा के सभापति को एक पत्र लिखा है।सांसद ने अपन पत्र में लिखा, 'सिख फॉर जस्टिस से धमकी भरा कॉल आने का मामला आपके संज्ञान में लाया जा रहा है। मुझे 21 जुलाई को रात 11.30 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया है, जिसमें खुद को सिख फॉर जस्टिस की ओर से होने का दावा किया गया है। यह कॉल उस समय आई जब मैं आईजीआई एयरपोर्ट लाउंज में सांसद एए रहीम के साथ था। सांसद ने आगे कहा, 'रिकॉर्ड किए गए कॉल में सिख फॉर जस्टिस ने धमकी दी है कि वह भारतीय संसद से लेकर लाल किले तक हमले करेंगे। सिख फॉर जस्टिस, जनरल काउंसिल के गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से मिली धमकी में यह कहा गया कि भारतीय शासन में सिखों को अस्तित्व का खतरा है। सांसद ने नई दिल्ली जिले के प्रभारी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को इस मामले से अवगत कर दिया है और एक आधिकारिक शिकायत भी दर्ज करा दी है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया मामले पर ध्यान दें और आगे की आवश्यक कार्रवाई करें। बता दें कि 9 जुलाई को गृह मंत्रालय ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर लगे प्रतिबंध को 10 जुलाई, 2024 से पांच साल की अवधि के लिए फिर से गैरकानूनी संगठन घोषित करते हुए बढ़ा दिया था।

### घर में फंदा लगाकर युवती ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट में लिखा- पापा मेरी मौत के बाद शादी का खर्च बच जाएगा

कन्नौज (आरएनएस)। यूपी के कन्नौज में 18 साल की युवती निकिता राजपूत ने सौतेली मां के उत्पीडऩ से त्रस्त आकर घर में ही पंखे से लटक कर जान दे दी। मृतका के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पूरा मामला तालग्राम क्षेत्र के भोजापुर का है। सुसाइड नोट में युवती ने लिखा कि पापा मेरी मौत के बाद शादी का खर्च बच जाएगा, आपने कभी भी अपनी बेटी की बात पर विश्वास नहीं किया। मेरे अच्छे पापा। आप खुश रहना। मेरे भाई-बहनों का ख्याल रखना। निकिता के मामा गिरजेश कुमार ने पुलिस से की शिकायत में निकिता की सौतेली मां को इस घटना का जिम्मेदार बताकर एफआईआर कराई है। आरोप है की मां ही युवती को प्रताड़ित करती थी। पिता बेटी की बात का यकीन नहीं करता था।

## मरम्मत के दौरान नौसेना डॉकयार्ड पर जहाज में अचानक लगी आग, घटना की जांच के आदेश जारी

मुंबई । आरएनएस



मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड पर रविवार देर शाम हादसा हुआ, जब मरम्मत के लिए आए भारतीय नौसेना के जहाज में आग लग गई। आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है, लेकिन घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि जहाज पर नियमित रखरखाव का काम करते समय ड्यूटी स्टाफ के कर्मचारियों ने आग लगती देखी।

जहाज की अग्निशमन टीम ने तुरंत आग पर काबू पाने के लिए कार्रवाई शुरू की। साथ ही नौसेना डॉकयार्ड और आसपास की अन्य इकाइयों से अग्निशमन दल को भी इस अभियान में शामिल किया गया। बाद में आग पर काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

जहाज को कितना नुकसान हुआ है, इसका पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। इससे पहले, 19 जुलाई को गोवा के एक मालवाहक जहाज में आग लगने की खबर सामने आई थी। आग पर काबू पाया गया, लेकिन इस घटना में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट, जनता को राहत की उम्मीद

नई दिल्ली । आरएनएस

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आम बजट पेश करेंगी। आज शाम बजट को अंतिम रूप दिया गया है। बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को बजट पेश करने से एक दिन पहले 22 जुलाई सोमवार को लोकसभा में प्री-बजट डॉक्यूमेंट यानि आर्थिक सर्वे 2023-24 पेश कर दिया है। केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि कल बजट लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस बजट में विकास के लिए बहुत ज्यादा पैसे देने का ऐलान होगा। प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि हर वर्ग को न्याय मिलना चाहिए। ये बहुत सराहनीय बजट होगा।

देश को आर्थिक और सामाजिक न्याय देने वाला बजट होगा। लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण को पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि 8.2 फीसदी रही है और चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी वृद्धि 6.5 से 7.5 फीसदी रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ये बजट सत्र है और मैं देशवासियों को जो गारंटी देता रहा हूं, उन गारंटियों को पूरा करने के लक्ष्य पर हमें आगे बढऩा है। अमृतकाल का ये महत्वपूर्ण बजट है, जो हमारे पांच साल के कार्य की दिशा तय करेगा। क्करू रूशस्रद्ब ने आगे कहा कि आजादी के 100 साल होने पर 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का जो लक्ष्य हमने रखा है, कल पेश किया जाने वाला बजट उस पर क्रेंदित होगा।

**बजट 2047 तक विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव रखेगा : मोदी-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को एक बयान दिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इस तथ्य पर गर्व व्यक्त किया कि 60 वर्ष के अंतराल के बाद कोई सरकार लगातार तीसरी बार आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आई सरकार द्वारा बजट पेश करने के कार्य को देश एक गौरवशाली घटना के रूप में देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट अमृत काल के मील के पत्थर का बजट है और सरकार एक निर्धारित अवधि में दी गई गारंटियों को वास्तविक रूप से साकार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट मौजूदा सरकार के अगले पांच वर्षों की दिशा निर्धारित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव रखेगा।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले लगातार तीन वर्षों में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से आगे बढऩे वाला देश है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण, निवेश और कार्य प्रदर्शन के कारण आज देश में उपलब्ध अवसर चरम पर हैं। यह देखते हुए कि अब राजनीतिक दलों के बीच सभी लड़ाइयां लड़ी जा चुकी हैं और नागरिकों ने लोकसभा चुनाव के समापन के बाद सरकार चुनी है।

### जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी कार्यवाई

## करीब 3 करोड़ की हवाला राशि व विदेशी करंसी समेत आरोपी काबू

जालंधर । आरएनएस

जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 3100 अमेरिकी डॉलर सहित लगभग 3 करोड़ रुपए पुलिस ने बरामद किए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि पुलिस स्टेशन नई बारादरी जालंधर की टीम टी-प्वाइंट बशीरपुरा जालंधर के पास चेकिंग कर रही थी और पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी शहर में अवैध हथियार, शराब और नशीली दवाएं बेच रहे हैं। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने एक क्रेटा कार को जांच के लिए रोका।

गाड़ी की चेकिंग के दौरान पुलिस ने 2,93,05,800 रुपए और 3100 विदेशी करंसी बरामद की। कार चालक से इस संबंध में पूछताछ करने पर वह कोई पुख्ता सबूत नहीं दिखा पाया जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राज देव पुत्र पुनीत सूद उर्फ गांधी के रूप में हुई है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने हवाला का पैसा



कहां से इकट्ठा किया और कहां पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस जालंधर को अपराध मुक्त शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस नेक काम के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। स्वपन शर्मा ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे कितने भी खतरनाक क्यों न हों और ऐसे मामलों में कानून अपना काम करेगा।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना के शिविर पर गोलीबारी, एक आतंकी ढेर; सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुबह आतंकियों ने सेना के शिविर पर हमला कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकियों ने सुबह 4 बजे गोलीबारी शुरू कर दी। इस आतंकी हमले में एक जवान के घायल होने की सूचना मिल रही है। आतंकियों द्वारा हमला करने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में एक आतंकी के मारे जाने और एक नागरिक के जख्मी होने की सूचना है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि इलाके में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है, जबकि घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों ने कहा कि आतंकियों ने पहले एक गांव के बाहरी इलाके में एक ग्राम रक्षा समूह (वीडीजी) के सदस्य और पूर्व सैनिक के घर पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के कारण उन्हें इलाके से भागने पर मजबूर होना पड़ा और बाद में उन्होंने सेना की चौकी को निशाना बनाया।

## स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से 3 की मौत, एक लापता

भागलपुर । आरएनएस

बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया में सोमवार को श्रावण महीने के पहले दिन गंगा स्नान करने के दौरान नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, पवित्र श्रावण मास की शुरुआत के दिन कुछ लोग नवगछिया के मथुरापुर जहाज घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। इसी बीच, स्नान के दौरान कई युवक लगाए बैरिकेडिंग के आगे चले गए और नदी की तेज धार में पहुंच गए तथा बहने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान चार युवक नदी में डूब गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

एक अधिकारी ने बताया कि तीन शवों को नदी से बरामद कर लिया गया है, जबकि एक युवक लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। सभी लोग नवगछिया थाना क्षेत्र के नया टोला के रहने वाले थे।

डूबने वालों में शिवम कुमार, सोनू कुमार, आलोक कुमार और संजीव कुमार शामिल हैं। गोताखोरों की मदद से तीन शवों को बरामद कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बरसात में बिहार की सभी नदियां उफान पर हैं।

## सावन का पहला सोमवार, बोल बम जयघोष से गूंजे शिवालय; काशी में श्रद्धालुओं के लिए बिछी रेड कार्पेट

नई दिल्ली । आरएनएस

सावन मास का आज पहला सोमवार है। शिव भक्तों का तांता सुबह से ही शिवालयों में लगा है। हरिद्वार, बाबा भोले की नगरी वाराणसी हो, महाकाल का उज्जैन या फिर देवघर लोग कतारबद्ध हैं और भोले बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर और शिवालय बोल बम जयघोष से गुंजायमान हैं। आज से कांवड़ यात्रा भी शुरू हो रही है इसे देखते हुए भी तमाम राज्यों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। हरिद्वार के दक्ष महादेव मंदिर में भक्त हाथों में पूजा की थाली लिए भोले बाबा का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। तो गंगा के किनारे कांवड़िए गंगाजल भर अपने अपने गंतव्य की ओर बढ़ते नजर आए।



काशी वासी भी शिव महिमा में डूबे दिखे। प्रात: भव्य मंगल आरती सम्पन्न हुई। काशी विश्वनाथ प्रशासन ने कांवडिय़ों पर पुष्प वर्षा कर मंगलमय यात्रा की कामना की। चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर है।

बारह द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अहम स्थान रखने वाले काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के सोमवार के दिन जलाभिषेक का बड़ा ही महत्व होता है । लिहाजा श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ को जलाभिषेक करने को लेकर दूर दराज से वाराणसी पहुंचते हैं और बाबा जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं के पूर्ति करते हैं।

सावन के सोमवार को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की है श्रद्धालुओं को रेड कार्पेट से मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है तो वहीं भीड़ को देखते हुए जिक जैक रेलिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है।

गर्मी को ध्यान में रखकर भी मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं के लिए वॉटर कूलर और पंखे का बंदोबस्त किया गया है आज पूरी तरह से स्पर्श दर्शन और वीवीआईपी दर्शन पर भी रोक लगी है ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिहार के देवघर में भी आज से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरुआत हो चुकी है। देवघर के वैद्यनाथ धाम में देर रात से ही भक्तगण जलार्पण करने के लिए कतार में लग गए। पुलिस पूरे मेला क्षेत्र की मॉनीटरिंग कर रही है। एक अनुमान के अनुसार आज तकरीबन डेढ़ लाख श्रद्धालु भगवान भोले पर जलार्पण करेंगे।

आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट सुबह 4 बजे खोला गया है पहला सोमवार होने की वजह से आज श्रद्धालु बड़ी संख्या में वैद्यनाथ धाम पहुंच रहे हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ धाम भी एक है। परंपरानुसार बिहार के सुल्तानगंज स्थित उतरवानी गंगा से जल उठाकर शिव भक्त 105 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करते हैं और बाबा धाम में जलार्पण करते हैं।

उज्जैन में भी भक्तगण हजारों की संख्या में पहुंचे। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में प्रतिदिन सुबह तीन बजे होने वाली भस्म आरती के पट आज तडक़े ढाई बजे ही खुल गए थे। फिर भस्म आरती हुई जो श्रावण मास होने के कारण विशेष रही। भस्म आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे।

महाकालेश्वर मंदिर के पट प्रात खोले गए और विधिवत पूजन अर्चन किया गया। बाबा महाकाल का जल से स्नान कर पंचांमृत महाभिषेक किया गया। इसके बाद बाबा को भस्म रमाई गई। भस्म चढ़ाने के बाद धुप दीप आरती की गई। जिसे देखने लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचे। मान्यता है कि जो भक्त श्रावण मास मे बाबा महाकाल की भस्मआरती के दर्शन करता है उसके सारे कष्ट दूर होकर सब प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती है।